Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ **सवाईमाधोपुर में पुलिस थाना रवांजना डूंगर का सहायक उपनिरीक्षक पुलिस 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *25 दिसम्बर, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **भरतलाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, प्रभारी चौकी कुश्तला, पुलिस थाना रवांजना डूंगर, जिला सवाईमाधोपर** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि बजरी से भरे ट्रैक्टर–ट्रॉली को पुलिस थाने में खाली करवाकर, एम.वी.ऐक्ट में चालान कर छोड़ने तथा कार्यवाही नहीं करने की एवज में आरोपी भरतलाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा **50 हजार रुपये** रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है जिसमें से मौके पर ही आरोपी द्वारा **30 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये हैं।

जिस पर एसीबी भरतपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भरतलाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सहायक उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में प्राप्त कर लिये थे।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।